## हिन्दी विभाग

## वर्ष 2022-23 की वार्षिक गतिविधियां

2023-2024

छात्र परिचय सत्र का आयोजन

राजकीय महाविद्यालय ठियोग 26-7-2023 को नव प्रविष्ट विद्यार्थियों के लिए परिचय सत्र का आयोजन किया गया। हिन्दी विषय को मुख्य विषय चयन करने वाले विद्यार्थियों को विभाग में सहायक आचार्य अर्कंशर्मा, ने हिन्दी विषय की उपयोगिता, सार्थकता और प्रायोगिकता पर अपने विचार रखे। साथ ही इस विषय में रोजगार की संभावनाओं तथा विषय के अध्ययन और ज्ञान बारे विद्यार्थियों को अवगत करवाया।





राजकीय महाविद्यालय ठियोग में हिंदी भाषा के प्रचार - प्रसार और विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति जागरूक व प्रोत्साहन के लिए हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी भाषा से संबंधित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिताएं तीन चरणों में प्रस्तावित हुई । महाविद्यालय में दिनांक 10 सितंबर, 2023 को हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत प्रथम चरण की प्रतियोगिताओं में भाषण, निबंध व कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विभिन्न संकाय से संबंधित विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा गरिमा शर्मा ने प्रथम तथा अंजलि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में स्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र रजत ने प्रथम तथा विनोद ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। जबकि कविता लेखन प्रतियोगिता में स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी ने प्रथम तथा तृतीय वर्ष की छात्रा तमन्ना आजाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



**भाषण देते हुए प्रतिभागी गरिमा शर्मा व अंजली**

आज दिनांक 12 सितंबर, 2023 को हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित की जा रही प्रतियोगिताओं के दूसरे चरण में नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के 38 प्रिभागियों ने भाग लिया। नारा लेखन प्रतियोगिता में कृतिका किमटा ने प्रथम तथा अंजलि ने द्वितीय स्थान अर्जित किया जबकि पोस्टर मेकिंग में मुस्कान प्रथम तथा रंजना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



आज दिनांक 14 सितंबर, 2023 को हिंदी पखवाड़े के समापन तथा हिंदी दिवस के उपलक्ष पर तृतीय चरण की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस चरण की प्रतियोगिताओं में चित्र वर्णन तथा प्रश्नोत्री प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के 48 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चित्र वर्णन प्रतियोगिता में तृतीय वर्ष के छात्र सुमित शर्मा ने प्रथम तथा द्वितीय वर्ष की छात्रा पूनम ने द्वितीय स्थान अर्जित किया जबकि प्रश्नोत्री प्रतियोगिता में साक्षी द्वितीय वर्ष की छात्रा ने प्रथम तथा विनोद द्वितीय वर्ष के छात्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।







**प्रस्तुत छायाचित्र में प्रश्नोत्तरी तथा चित्र वर्णन प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी**

**राजकीय महाविद्यालय ठियोग में साहित्यिक उत्सव**

राजकीय महाविद्यालय ठियोग में साहित्य परिषद, हिंदी विभाग तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला शिमला के संयुक्त तत्वाधान में साहित्यिक उत्सव का आयोजन किया गया ।जिसमें जिला के कुछ स्थापित साहित्यकारों और विद्यार्थियों के दरमियान कविता लेखन और कविता वाचन को लेकर संवाद किया गया तथा विद्यार्थियों और साहित्यकारों ने अपनी नवोदित की रचनाएं प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में कवि मोहन साहिल, ओम भारद्वाज, आत्माराम रंजन, दिनेश शर्मा और सुनील ग्रोवर ने रचना प्रक्रिया पर बातचीत की। कार्यक्रम के संयोजक और विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ सत्यनारायण स्नेही ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी और इस कार्यक्रम के ध्येय को स्पष्ट किया कि साहित्यकारो के साथ सम्वाद और उनकी सृजनात्मकता से परिचित होने से विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल का विकास होगा। विद्यार्थियों में कृतिका, तमन्ना ,साक्षी ,पूनम, दीपिका, सुशील ,गरिमा और अंजलि ने काव्य पाठ किया इस कार्यक्रम में सप्ताह भर महाविद्यालय की साहित्य परिषद के बैनर चले आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें भाषण में गरिमा और अंजलि, कविता लेखन में तम्मन्ना और साक्षी, निबन्ध लेखन में रजत और विनोद, प्रश्नोत्तरी में साक्षी और विनोद, चित्र वर्णन में सुमित शर्मा और पूनम, नारा लेखन में कृतिका किमटा और अंजलि, पोस्टर निर्माण में मुस्कान और रंजना को क्रमशः प्रथम और द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया। महाविद्यालय में वरिष्ठतम आचार्य डॉ राकेश शर्मा ने आमंत्रित कवियों आयोजकों और विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। साथ ही जिला भाषा अधिकारी अनिल हारटा का महाविद्यालय में इस साहित्यिक कार्यक्रम में सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। तीन घण्टे चले इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के आचार्य डॉ महेंद्र राठौड़, डॉ आदित्य दुलटा, डॉ रीतिका पांजटा, डॉ बसन्त जुंटा, डॉ मृत्युंजय शर्मा और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।





कार्यक्रम के संयोजक डॉ सत्यनारायण स्नेही संबोधित करते हुए।



कवि दिनेश शर्मा काव्य पाठ करते हुए ।




महाविद्यालय की छात्रा काव्य पाठ करते हुए।



दैनिक भास्कर शिमला भास्कर 17-09-2023

ठियोग राजकीय महाविद्यालय में कवियों ने किया काव्यपाठ

## गंभीर कविता के लिए लगातार बेहतर साहित्य पढ़ना और साहित्य के माहौल से जुड़े रहना जरूरीः रंजन

ठियोग| ठियोग के राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को हिंदी विभाग ने जिला भाषा विभाग के सहयोग से हिंदी पखवाड़े के तहत साहित्यिक उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रदेश के कवियों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए हिंदी भाषा और हिंदी कविता को लेकर अपने विचार रखे।

कवि आत्मा राम रंजन ने कहा कि कविता में इतना आकर्षण है कि हर आदमी कविता के माध्यम से बात करना चाहता है लेकिन गंभीर कविता के लिए लगातार बेहतर साहित्य पढ़ना और साहित्य के माहौल से जुड़े रहना जरूरी है। कवि दिनेश शर्मा ने सोशल मीडिया पर बात रखी। ओम भारद्वाज ने कहा कि विधार्थियों को ठियोग के जिला पुस्तकालय में उपलब्ध साहित्य, अध्यात्म और कविता से जुड़ी पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कवि एवं समीक्षक डॉ. सत्य नारायण स्नेही ने किया। कई विधार्थियों ने भी कविता पाठ किया जिनमें अंजलि, सुशील, तमन्ना, कृतिका, परीक्षा, साक्षी तथा कृतिका शर्मा आदि शामिल रहे। हिंदी भाषा में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाषण में गरिमा, निबंध में रजत, कविता में तमन्ना आजाद, प्रश्नोत्तरी में साक्षी, नारा लेखन में कृतिका प्रथम रहे। कॉलेज के कार्यकारी प्रधानाचार्य डॉ. राकेश शर्मा भी मौजूद रहे।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 4.12.2023. हि.प्र. भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा रा. महाविद्यालय सीमा रोहड़ू में यशपाल जयन्ती का आयोजन किया गया। इसमें यशपाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान को वर्चुअल माध्यम से राजकीय महाविद्यालय ठियोग में हिन्दी विभाग के विद्यार्थियों को जोड़ा गया। हिन्दी विभाग के विद्यार्थियों ने यशपाल के साहित्य कर्म पर विशद जानकारी प्राप्त की तथा तज्जनित शंकाओं का निवारण प्राध्यापक सतपाल शर्मा ने किया।

Principal
Govt. Degree College,
Theog, Distt. Shimla (HP)

डॉ. [illegible]
हिन्दी विभाग






**वर्चुअल माध्यम से महाविद्यालय के छात्र कार्यकां को देखते हुए**